श्री महाकाल लोक की तर्ज पर जामसांवली हनुमान मंदिर में होगा 'श्री हनुमान लोक'का निर्माण

चर्चा में क्यों?

24 अगस्त, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के छिंदवाड़ा ज़िले के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जामसांवली में श्री हनुमान लोक का विधि-विधान से भूमि पूजन कर यह घोषणा की कि श्री महाकाल लोक की तर्ज पर जामसांवली हनुमान मंदिर में 'श्री हनुमान लोक' का निर्माण किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रथम चरण में लगभग 26.50 एकड़ क्षेत्र में 35 करोड़ रुपए से अधिक लागत से 'श्री हनुमान लोक'के निर्माण का कार्य आरंभ होगा।
- 'श्री हनुमान लोक'के निर्माण के प्रथम चरण में मराठवाड़ा वास्तु-कला से प्रेरित भव्य प्रवेश द्वार से भगवान के विराट स्वरूप की छवि दिखेगी। मुख्य प्रवेश द्वार से प्रथम प्रांगण तक 500 मीटर लंबा चिरंजीवी पथ बनेगा।
- पथ और प्रथम प्रांगण के 90 हज़ार वर्गफुट क्षेत्र में कलाकृतियों से अंजनी पुत्र हनुमान जी के बाल स्वरूप का मनोहारी चित्रण होगा। लगभग 62 हज़ार वर्गफुट क्षेत्र में मूर्तियों एवं कलाकृतियों के माध्यम से भक्त - शिरोमणि हनुमान जी के भक्ति स्वरूप का चित्रण होगा।
- रामलीला एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के लिये जलाशय के तट पर 12 हज़ार वर्गफुट क्षेत्र में मुक्ताकाशी मंच बनेगा, संजीवनी बूटी लाने वाले भगवान के संकटमोचक स्वरूप से प्रेरणा लेकर परिसर में आयुर्वेदिक चिकित्सालय बनाया जाएगा।
- 'श्री हनुमान लोक'के समीप बहने वाली नदी तट के सौंदर्यीकरण एवं लैंडस्केपिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं के बैठने आदि की व्यवस्था बनाई जाएगी।
- कम्युनिटी सेंटर, जन सुविधाएँ, ट्रस्ट ऑफिस, प्रशासनिक कार्यालय एवं कंट्रोल रूम आदि 37 हज़ार वर्गफुट में निर्मित किये जाएंगे। प्रसाद-पूजन सामग्री और भोजन आदि की व्यवस्था के लिये 120 दुकान एवं फूड कोर्ट बनेंगे।
- लगभग 400 चार पहिया एवं 400 दो पहिया वाहन क्षमता की डेढ़ लाख वर्गफुट क्षेत्र में पार्किंग विकसित की जाएगी।
- 'श्री हनुमान लोक'के निर्माण के द्वितीय चरण में रामटेकरी पर्वत की परिक्रमा के लिये संजीवनी पथ का विकास, अष्टसिद्धि केंद्र एवं संस्कृत विद्यालय, योगशाला प्रवचन हॉल एवं ओपन एयर थियेटर, जाम नदी पर घाट निर्माण, वाटर फ्रंट पाथ वे एवं सिटिंग एरिया, भक्त निवास, भोजनालय तथा गौ-शाला का निर्माण होगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/-shri-hanuman-lok-to-be-constructed-on-the-lines-of-shri-mahakal-lok